| प्रेस नोट–202/2026 |
|---|
| दिनांक 12.04.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद जौनपुर/थाना मछलीशहर</u>**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 04 लाख 20 हजार रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 12.04.2026 को थाना मछलीशहर व थाना पवारा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कुँवरपुर के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–सत्येन्द्र कुमार घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–गुड्डू उर्फ इकरार सहित गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 04 लाख 20 हजार रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 07.04.2026 को थाना मछलीशहर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना मछलीशहर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त सत्येन्द्र कुमार के विरूद्ध जनपद इटावा, सहारनपुर, जौनपुर व औरैया के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग एवं अभियुक्त गुड्डू उर्फ इकरार के विरूद्ध जनपद जालौन, झाँसी, मुरादाबाद व जौनपुर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत ळें

इस सम्बन्ध में थाना मछलीशहर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सत्येन्द्र कुमार निवासी ग्राम मिराय वाहरपुरा थाना भरथरा जनपद इटावा।

2–गुड्डू उर्फ इकरार निवासी डिवियापुर शास्त्रीनगर थाना डिबियापुर जनपद औरैया।

**बरामदगी**

1–चोरी के 04 लाख 20 हजार रूपये नगद।

2–01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस।

3–01 मोटर साइकिल।

## जनपद खीरी/थाना खमरिया

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **09 अवैध तमंचा विभिन्न बोर**
- **04 जीवित, 06 खोखा कारतूस विभिन्न बोर**
- **भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनांक 11.04.2026 को थाना खमरिया व क्राइम ब्रान्च की सयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम लुधौनी के पास से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्तों 1–जमील उर्फ भुर्जी 2–रोजअली को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 09 अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 04 जीवित, 06 खोखा कारतूस विभिन्न बोर, भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त जमील उर्फ भुर्जी के विरूद्ध जनपद सीतापुर के विभिन्न थानो में आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग एवं अभियुक्त रोजअली के विरूद्ध जनपद खीरी के विभिन्न थानो में सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना खमरिया पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–जमील उर्फ भुर्जी निवासी ग्राम भदमरा थाना रेउसा जनपद सीतापुर।

2–रोजअली निवासी ग्राम गंगान थाना ईसानगर जनपद खीरी।

**बरामदगी**

1–09 अवैध तमंचा विभिन्न बोर।

2–04 जीवित, 06 खोखा कारतूस विभिन्न बोर।

3–भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

**जनपद मुजफ्फरनगर/थाना बुढाना**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 03 फॉरच्यूनर वाहन आदि बरामद**

दिनांक 12.04.2026 को थाना बुढाना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बुढ़ाना–कांधला मार्ग से विज्ञाना मार्ग पर पड़ने वाले खंडहर से 02 अभियुक्तों 1–आदिल 2–मनीष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 03 फॉरच्यूनर वाहन आदि बरामद हई।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो चोरी किये गये वाहनो की चेचिंस नम्बर को मिटा कर, कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर बेच देते है।

इस सम्बन्ध में थाना बुढाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आदिल निवासी करालपुरा दनऊ थाना कोहिमू जनपद कुलगाम कश्मीर।

2–मनीष निवासी औरंगाबाद फजलगढ थाना भोजपुर कमिश्नरेट गाजियाबाद, हालपता गृहम कॉलोनी थाना लोहिया नगर जनपद मेरठ।

**बरामदगी**

1–चोरी की 03 फॉरच्यूनर वाहन आदि।

**जनपद चन्दौली/थाना मुगलसराय**

- **अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 400 ग्राम अवैध हेरोइन**
- **नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन आदि बरामद**

दिनांक 12.04.2026 को थाना मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पड़ाव चौराहा के पास से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे 02 अभियुक्तों

1–गंगाराम 2–नीरज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 400 ग्राम अवैध हेरोइन, नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना मुगलसराय पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–गंगाराम निवासी ग्राम नेउला थाना मसौली जनपद बाराबंकी।

2–नीरज निवासी ग्राम नेउला थाना मसौली जनपद बाराबंकी।

**बरामदगी**

1–लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 400 ग्राम अवैध हेरोइन।

2–नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन आदि।

## कमिश्नरेट आगरा/थाना ट्रांस यमुना

- **अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कर रहा अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 30 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 11 किलो 208 ग्राम अवैध चरस आदि बरामद**

दिनांक 11/12.04.2026 की रात्रि थाना ट्रांस यमुना व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर झरने नाले के पास से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे अभियुक्त शिवम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 30 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 11 किलो 208 ग्राम अवैध चरस आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना ट्रांस यमुना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शिवम निवासी कालिन्द्री बिहार थाना ट्रान्सयमुना कमिश्नरेट आगरा।

**बरामदगी**

1–लगभग 30 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 11 किलो 208 ग्राम अवैध चरस आदि।

## जनपद उन्नाव/थाना कोतवाली सदर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 10 लाख रूपये कीमत के 50 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **घटना में प्रयुक्त 01 वैगनार कार बरामद**

दिनांक 11.04.2026 को थाना कोतवाली सदर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मैनी खेड़ा रेलवे क्रासिंग के पास से 02 अभियुक्तों 1–जितेन्द्र उर्फ जीतू 2–आदर्श कुमार उर्फ राज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 10 लाख रूपये कीमत के 50 किलोग्राम अवैध गांजा, घटना में प्रयुक्त 01 वैगनार कार बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली सदर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–जितेन्द्र उर्फ जीतू निवासी ग्राम सेंगरहा थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी।

2–आदर्श कुमार उर्फ राज निवासी ग्राम सेंगरहा थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी।

**बरामदगी**

1–लगभग 10 लाख रूपये कीमत के 50 किलोग्राम अवैध गांजा।

2–घटना में प्रयुक्त 01 वैगनार कार।

## जनपद सोनभद्र/थाना राबर्ट्सगंज

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 10 लाख रूपये कीमत के 50 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **नगद रूपये, 03 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 01 बोलेरो वाहन बरामद**

दिनांक 11.04.2026 को थाना राबर्ट्सगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम सहिजन खुर्द के पास से 03 अभियुक्तों 1–राजकुमार 2–शिवम 3–अभिषेक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के

कब्जे/निशादेही से लगभग 10 लाख रूपये कीमत के 50 किलोग्राम अवैध गांजा, नगद रूपये, 03 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 01 बोलेरो वाहन बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना राबर्ट्सगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राजकुमार निवासी ग्राम विजयपुर थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर।

2–शिवम निवासी ग्राम अतरैला बेलन बरौधा थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।

3–अभिषेक निवासी ग्राम विजयपुर थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर।

**बरामदगी**

1–लगभग 10 लाख रूपये कीमत के 50 किलोग्राम अवैध गांजा।

2–नगद रूपये, 03 मोबाइल फोन।

3–घटना में प्रयुक्त 01 बोलेरो वाहन।

———————